**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 08.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **काकोरी कार्यवाही दिवस पर पुलिस लाइन में बच्चों की ड्रॉविंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन।**
  **पुलिस लाइन परिसर में स्थापित प्राथमिक विद्यालय व पुलिस परिवार के बच्चों ने किया प्रतिभाग।**

**विवरण–** उत्तर प्रदेश काकोरी कार्यवाही दिवस पर देश में स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को नमन करने एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 08.08.2024 को पुलिस लाइन में स्कूली बच्चों की देशप्रेम पर आधारित ड्राविंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुलिस लाइन परिसर में स्थापित प्राथमिक विद्यालय एवं पुलिस परिवार के स्कूली बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें बच्चों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित प्रतीकों, विभूतियों एवं स्थलों से संबंधित चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों को ड्राविंग किट वितरित की गई। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

**काकोरी कार्यवाही दिवस के बारे में-**

काकोरी कार्यवाही दिवस 09 अगस्त 1925 को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना थी। इस दिन क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश सरकार के खजाने से भरी एक ट्रेन को काकोरी, उत्तर प्रदेश के पास लूटा था। इस घटना का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश सरकार की आर्थिक रीढ़ पर हमला करना और स्वतंत्रता संग्राम के लिए धन जुटाना था। इस घटना में प्रमुख रूप से राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, रोशन सिंह, और अन्य क्रांतिकारी शामिल थे। अंग्रेजों ने इस घटना के बाद व्यापक धरपकड़ की, जिसमें कई क्रांतिकारियों को गिरफ्तार किया गया और कुछ को फांसी की सजा दी गई। काकोरी कार्यवाही दिवस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी गतिविधियों का प्रतीक बन गया और युवाओं को स्वतंत्रता की लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।